>

Title: Participation of Members of Parliament in administrative board of educational institutions- Laid

श्री विजय बघेल (दुर्ग): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री से यह अनुरोध करना चाहूंगा कि जिस तरह राज्य के शैक्षणिक संस्थानों के शासक मंडल में जनप्रतिनिधि (क्षेत्रीय विधायक) को सदस्य के रूप में शामिल कि या जाना अनिवार्य है जिसका प्रभाव यह होता है कि जनप्रतिनिधि विद्यार्थी, शासक मंडल व शासन के मध्य सेतु के रूप में कार्य करते हुए उस शैक्षणिक संस्थान के विकास में अपनी महत्वूपर्ण भूमिका निभाते हैं ।

माननीय ठीक उसी तरह मानव संसाधन मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाले केन्द्रीय शैक्षणिक संस्थानों के शासक मंडल में जनप्रतिनिधि (क्षेत्रीय सांसद) को भी शामिल किया जाना चाहिए । यहाँ भी जनप्रतिनिधि विद्यार्थी, शासक मंडल व शैक्षणिक संस्थानों में चलाए जा रहे केन्द्र शासित योजनाओं के मध्य सेतु के रूप में कार्य कर सकें जिसका सार्थक व अनुकूल परिणाम देशव्यापी स्तर पर आपको समस्त केन्द्र शासित शैक्षणिक संस्थानों से प्राप्त होगा ।